an>

Title : Need to take steps to connect Aligarh Railway Station to third line.

श्री सतीश कुमार गौतम (अलीगढ़): अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से रेल मंत्री जी का ध्यान अपने लोक सभा क्षेत्र अलीगढ़ की तरफ दिलाना चाहूंगा । वैसे तो रेल मंत्री जी द्वारा बहुत विकास का कार्य किया गया है । मेरे रेलवे स्टेशन का सौन्दर्यीकरण भी किया गया है, लेकिन एक माल गोदाम होने की वजह से वह तीसरी लाइन से कनेक्ट नहीं है । मैं आपके माध्यम से मंत्री जी से निवेदन करना चाहता हूं कि वह तीसरी लाइन से कनेक्ट हो जाए और माल गोदाम किसी दूसरी जगह शिफ्ट हो जाए । इससे हमें बहुत लाभ मिलेगा और ट्रेनों की आवाजाही में भी बहुत फायदा मिलेगा ।